तापमान
अधिकतम 33.5 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 सितंबर 2025

12 धूप और बादलों का रहा समावेश, बारिश से राहत मिलने की...


12 स्वच्छ वातावरण की रैंकिंग में अग्रणी बनने...


**खबर संक्षेप**

## मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने थाना क्षेत्र में 1 जुलाई को मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। केस की जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में धारूहेड़ा निवासी गौरव, ततारपुर खालसा निवासी राजबीर व ढाकिया निवासी बीरसिंह को गिरफ्तार कर लिया। बाद में तीनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। गत 1 सितंबर को वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी थी। जांच के बाद पुलिस ने रामपुरी निवासी रविंद्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को बाद में पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## मारपीट मामले के आरोपी दंपति गिरफ्तार

**डहीना।** पुलिस चौकी ने कंवाली गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दंपति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति के बयान पर 4 सितंबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने कंवाली निवासी विकास और उसकी पत्नी संतोष को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

## लूट व हत्या के आरोपी से नकदी बरामद

**रेवाड़ी।** सीआईए के हत्थे चढ़े लूट व हत्या के आरोपी से रिमांड के दौरान नकदी बरामद की गई है। पुलिस ने 19 सितंबर 2023 को हुई फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट की गोली मारकर हत्या व लाखों रुपये की लूट के मामले में एक और आरापी बलजीत को गिरफ्तार किया था। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद शनिवार को पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 7 हजार रुपये की राशि बरामद की है। उससे पूछताछ जारी है।

## संगठन को जन शक्ति जागृति मंच की बैठक

**बावल।** जन शक्ति जागृति मंच की ओर से रविवार को बावल क्षेत्र के गांव नांगल शहबाजपुर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई। जन शक्ति जागृति मंच की राष्टीय अध्यक्ष मेनका सोनी ने कहा कि संगठन के साथ काफी लोग जुड़ रहे हैं। संगठन की ओर से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। संगठन की ओर से जरूरतमंद परिवारों का सहायता भी प्रदान की जा रही है। जन शक्ति जागृति मंच हरियाणा सहित राजस्थान व पंजाब के जिलों में भी कार्य कर रहा है। इस मौके पर विजय सिंह यादव ढाणी सुठानी, सरपंच मनीषा देवी आदि रहे।

## मुरलीपुर के चरण सिंह ने किया नेट क्वालीफाई



**कोसली।** मुरलीपुर गांव निवासी चरण सिंह ने गणित विषय में सीएसआईआर नेट क्वालीफाई किया है। उन्होंने ऑल इंडिया स्तर पर 41वां रैंक प्राप्त किया है। उनकी उपलब्धि पर गांव व उनके परिवार में खुशी की लहर है। एमएससी और बीएड कर चुके चरण सिंह ने बताया कि इससे पूर्व वे सीटेट और हाल ही में एचटैट की परीक्षा भी उतीर्ण कर चुके हैं।

### उपलब्धि: अवैध शराब, जुआ-सट्टा, अवैध हथियार मामलों में सख्त कार्रवाई

# अगस्त माह में 20 साइबर ठग दबोचे, वांछित मामलों में 339 आरोपियों पर कसा शिकंजा

- **अगस्त में एक इनामी बदमाश सहित 19 पीओ किए गिरफ्तार**
- **पुलिस ने चोरी किए गए 4 वाहन किए बरामद**

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ की, कार्रवाई । पुलिस ने 24 ब्लैक फिल्म लगे वाहन, 209 ड्रिंकिंग ड्राइविंग, 3969 विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, 1111 विदाउट नंबर प्लेट, 1057 ट्रिपल राइडिंग, 2 बुलेट पटाखा बजाने वालों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला पुलिस ने गत अगस्त माह में चलाए गए स्पेशल अभियान के तहत अवैध कारोबारों में संलिप्त आरोपियों पर सख्त कार्यवाही करते हुए 20 साइबर ठगों सहित अन्य आपराधिक मामलों में वांछित 339 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों, सट्टा खाईवाली व जुआ खेलने वाले, अवैध हथियारों के शौकिन व ड्रग्स की तस्करी करने वाले अपराधियों पर शिकंजा कसा है।

पुलिस ने इस वर्ष क्राइम डिटेक्शन के मामले में भी सराहनीय कार्य किया है, जिसके चलते अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में सफलता मिली है। जनवरी से अगस्त माह वर्ष 2024 की तुलना में इस वर्ष अगस्त माह तक हत्या के मामलों में 24 फीसदी की कमी, हत्या के प्रयास के मामलों में 21.1 फीसदी की कमी, लूट के मामलों में 63.2 फीसदी की कमी, मारपीट के मामलों में 24.6 फीसदी की कमी, स्नेचिंग के मामलों में 26.1 फीसदी की कमी, सेंध मारी के मामलों 23.6 फीसदी की कमी, रंगदारी के मामलों में 50 फीसदी की कमी, सड़क दुर्घटना के मामलों में 8.1 फीसदी की कमी के साथ महिला विरुद्ध अपराधों में 43 फीसदी की कमी आई है।



रेवाड़ी। कार की डिग्गी की जांच करते हुए पुलिसकर्मी।



रेवाड़ी। कार चालक की एल्कोहल की मात्रा चैक करती पुलिस।

### जिले में अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं: एसपी



पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी श्री हेमेंद्र कुमार मीणा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्ज, सीआईए स्टाफ तथा पी.ओ. स्टाफ को विशेष निर्देश दिए है कि आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों की धर पकड़ के लिए तेजी लाई जा रही है। जिले में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह की सख्त कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी। किसी भी तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में आमजन पुलिस थाना, चौकी, पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 नंबर पर सूचना दे सकते हैं।

-हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी रेवाड़ी।

### गत एक माह में पुलिस की यह रहीं उपलब्धियां

▶▶ पुलिस ने अगस्त में अंतरराष्ट्रीय साइबर ठग गैंग का भंडाफोड़ करने सहित 20 साइबर ठगों को काबू करते हुए 81 हजार से अधिक ठगी की राशि बरामद करने व करीब 51.58 लाख ठगी की राशि फ्रीज कराने में कामयाबी हासिल की।

▶▶ पुलिस ने संगीन मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक 5 हजार के इनामी बदमाश सहित 19 पीओ को गिरफ्तार करके जेल भेजा।

▶▶ ड्रग्स की तस्करी करने वाले 9 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ 5 मामले दर्ज किए तथा आरोपियों के कब्जे से 2 किलोग्राम गांजा व 1.332 किलोग्राम अफीम बरामद की।

▶▶ अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार करके इनके विरुद्ध 8 मामले दर्ज किए। आरोपियों के कब्जे से 3 अवैध देसी कट्टा, 2 अवैध देसी पिस्टल, 1 अवैध देशी डोगा, 1 धारदार चाकू, 2 धारदार फरसा, 1 तलवार तथा 4 कारतूस बरामद किए।

▶▶ शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त 19 आरोपियों की गिरफ्तार किया गया व पुलिस थानों में 16 मामले दर्ज किए गए। आरोपियों के कब्जे में 228.75 बोतल देशी शराब, 5 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 13 बोतल बियर बरामद की।

▶▶ सट्टा खाईवाली व जुआ खेलने वाले 7 आरोपियों को गिरफ्तार करके 5 मामले दर्ज किए गए। इन आरोपियों के कब्जे में 6490 रुपये की नकदी बरामद की गई।

▶▶ पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों में 9 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे करीब एक लाख 64 हजार 990 रुपये की कीमत की 4 बाइक बरामद की।

# महिला के साथ 15.95 लाख रुपये की ठगी

- शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर झांसे में लेकर दिया वारदात को अंजाम, पुलिस से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर ठगों ने शहर की एक महिला के साथ व्हाट्सएप पर शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर झांसे में लेकर 15 लाख 95 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। महिला की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। अमनगनी सोसाइटी निवासी महिला नीमा ने शिकायत में बताया कि वह शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करती थीं। गत 4 अगस्त को उनके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से प्रिया देशाई के नाम से मैसेज आया, जिसमें उन्हें व्हाट्सएप वीआईपी एक्सक्लूसिव सर्विस नामक ग्रुप में जोड़ लिया गया और शेयर मार्केट के टिप्स दिए गए। साइबर ठगों ने महिला को काफी मुनाफे का लालच दिया, जिस पर महिला उनकी बातों में आ गईं। ठगों के कहने पर महिला ने अपने बैंक खातों से 15,95,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। महिला ने सबसे पहले 4 अगस्त को 50 हजार रुपये ट्रांसफर किए। उसके बाद एक सितंबर को लास्ट बार 5 लाख रुपये डाले। इसके बाद ठगों ने महिला को 1 करोड़ 24 लाख 41 हजार रुपये का लाभ बताया, लेकिन जब उन्होंने पैसे निकालने की बात की, तो ठगों ने 15 प्रतिशत टैक्स यानि 18 लाख 66 हजार 150 रुपये जमा करने की शर्त रख दी। महिला ने कहा कि लाभ से ही काट लें, लेकिन ठगों ने इंकार कर दिया और सभी व्हाट्सएप नंबरों पर उन्हें ब्लॉक कर दिया। इसके बाद महिला को ठगी का अहसास हुआ। जांच अधिकारी एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी के खातों की डिटेल्स ट्रेस करने में जुटी हुई है।

### बैरमपुर में बाड़े से 20 बकरियों चुरा ले गए चोर

कोसली। उपमंडल के बैरमपुर गांव में चोर शनिवार रात एक ग्रामीण की 20 बकरियां चुरा कर ले गए। ग्रामीण ने कोसली थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सतन ने बताया कि वह बकरी पालन पोषण कर अपने परिवार का गुजारा करता है। शनिवार शाम वह बीस बकरियों को घर के बाहर लोहे के जाल के बाड़े में बंद कर सो गया। सुबह उठ कर देखा बाड़े से बकरियां गायब मिली। छानबीन से ज्ञात हुआ कि रात के समय एक महेन्द्रा पिकअप गाड़ी में आए 5 आदमी बाड़े में बंधी 20 बकरियों को चोरी कर ले गए। पुलिस ने ग्रामीण की शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

### लोगों से नशें के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान

# युवा नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा व खेलों में लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डीएसपी डा. रविन्द्र सिंह।

डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह ने रविवार को पुलिस-पब्लिक संवाद कार्यक्रम के तहत गांव महेश्वरी व खरखड़ा में मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर धारूहेड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश चंद व सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना प्रभारी पीएसआई संजय भी मौजूद थे। इस अवसर पर डीएसपी डा. सिंह ने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराध एवं अपराधियों तथा गैरकानूनी धंधा करने वालों पर कारगर ढंग से अंकुश लगाया जा सकता है। पुलिस प्रशासन की ओर से नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में आमजन आगे आकर अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं ताकि नशे को समाज से पूरी तरह से खत्म किया जा सके। युवा अपनी ऊर्जा शिक्षा व खेलों में लगाएं तथा अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने मां-बाप तथा इलाके का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों की असली जगह जेल है, इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना निःसंकोच होकर पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 दें।

## अवैध ब्याज पर कर्ज देकर लोगों का शोषण बर्दाश्त नहीं: एसपी

**रेवाड़ी।** पुलिस कप्तान हेमेंद्र कुमार मीणा ने सभी थाना प्रबंधकों को जिले में रसूखदार और अधिक ब्याज वसूलकर लोगों को प्रताड़ति करने वाले सूदखोर व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि अक्सर ऐसे मामले सामने आते हैं कि ये लोग गरीब और असहाय व्यक्तियों को कर्ज देकर महंगे ब्याज की अदायगी के बोझ तले दबा देते हैं और बाद में मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देने लगते हैं, जिससे कई पीड़ति आत्महत्या तक कर लेते हैं। जिला पुलिस की ओर से यह कदम आम जनता को ऐसे तत्वों के शोषण से बचने के लिए उठाया गया है।

### अंजान को साझा न करें अपनी पर्सनल जानकारी

# सतर्कता ही साइबर अपराधों से बचने मजबूत हथियार: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने सभी नागरिकों से सतर्कता और जागरूकता अपनाकर स्वयं को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने की अपील की है। एसपी ने कहा कि डिजिटल लेन-देन और ऑनलाइन सुविधाओं के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ साइबर ठगी के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर ठगों की ओर से आमजन को फर्जी कॉल, एसएमएस, लिंक, ई-मेल, मोबाइल ऐप्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से लगातार निशाना बनाया जा रहा है। बच्चों को ऑनलाइन गेमिंग, अजनबियों से चैट और संदिग्ध सामग्री से दूर रखें। यदि किसी साइबर अपराध का शिकार होते हैं तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें या नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करें। भारत सरकार की वेबसाइट साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर ऑनलाइन शिकायत भी कर सकते है। एसपी ने कहा कि थोड़ी सी जागरूकता और सतर्कता आर्थिक और मानसिक नुकसान से बचा सकती है।

### अंजान मोबाइल कॉल से रहे सावधान



एसपी ने कहा कि कभी भी अपना ओटीपी, एटीएम पिन, बैंक खाता संख्या या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें, चाहे वह व्यक्ति स्वयं को बैंक अधिकारी, पुलिसकर्मी या सरकारी कर्मचारी ही क्यों न बताए। अनजान नंबरों से आई कॉल्स या संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। किसी भी लिंक की विश्वसनीयता जांचे बिना उस पर कोई कार्रवाई न करें। केवाईसी अपडेट, लॉटरी लगी है, इनाम मिला है जैसे झांसों से सावधान रहें। ये साइबर ठगों के सामान्य हथकंडे होते हैं। सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी या बैंक विवरण साझा न करें। अपनी प्रोफाइल की गोपनीयता सेटिंग सुरक्षित रखें।

## आईजीयू में हर्षोल्लास से मनाया स्थापना दिवस

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विवि मीरपुर में रविवार को 13वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विवि परिसर में हवन किया गया, जिसमें आहूति डालकर शांति, समृद्धि और विवि की प्रगति की कामना की गई।

विवि के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी एवं उनकी धर्मपत्नी डा. सीमा मिगलानी ने हवन में आहुति डालते हुए अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय समुदाय की भलाई के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर कुलपति प्रो. मिगलानी ने आयोजन की सफलता पर सभी को बधाई दी।

### सेक्टर-3 मार्केट में जागरण आयोजित

# श्याम बाबा के भजनों पर जमकर झूमे श्रृद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डीएसपी डा. रविन्द्र सिंह।

- सभी विभाग अपनी कार्यशैली में सुधार करें और लोगों को



रेवाड़ी। सजा श्याम बाबा का दरबार।

सेक्टर-3 मार्केट के दुकानदारों व व्यापारियों की ओर से शनिवार रात्रि कॉम्प्लेक्स में श्री श्याम बाबा के दसवें जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में हुड़यि जैतपुर धाम से बाबा की प्रतिमा स्थापित की गई। जागरण में आए गायक कलाकारों ने रातभर मनमोहक भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया। जागरण में मुम्बई से गायक राम अवतार अग्रवाल, कोलकाता से गायक लव अग्रवाल, हिमाचल से गायक अभिषेक सोनी, बीकानेर से गायक अजय सिंह, नागपुर से गायिका कृष्णप्रिया व कोलकाता से गायक अनिल शर्मा ने देर रात तक भजनों से समां बांधे रखा। रविवार को श्यामप्रेमियों की ओर से कॉम्प्लेक्स में भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। जागरण में भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली, नवीन पोपली, एडवोकेट प्रवीण शर्मा, धीरज, व जतिन अरनेजा सहित सेक्टर-3 मार्केट एसोसिएशन के सभी सदस्य मौजूद थे। भजन गायकों ने मेरा हाथ पकड़ लो सावरियां, दुनिया में हमारा कोई नहीं, कन्हैया तो हमारा साथी है, गरीबों का सहारा है, आएगा मेरा सावरा, बस अर्जी लगा के देख.. सहित अनेक भाव भरे भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान किया। रविवार सुबह तक चले जागरण में श्रृद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए।

# लांस नायक की स्मृति में एक महिला सहित 72 युवाओं ने किया रक्तदान



कोसली। धारौली गांव की सामाजिक संस्था मां-मातृभूमि सेवा समिति की ओर से रविवार को 1965 भारत-पाक युद्ध में देश की रक्षा के लिए लड़ते हुए शहीद होने वाले लांस नायक हवा सिंह लांबा के सम्मान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एक महिला सहित 72 युवाओं ने रक्तदान किया। संस्था के सदस्य युद्धवीर लांबा ने बताया कि कैंप में जहांगीरपुर गांव के डा. संदीप गुलिया ने 26वीं बार, कोसली के गोसेवक कमलजीत ने 26वीं बार, अश्वनी मल्हान ने 25वीं बार, कोसली में शिक्षक मास्टर धर्मवीर नाहरवाल ने 24वीं बार, जहाजगढ़ गांव के प्रमोद जांगडा ने 18वीं बार, हरियाणवी लोक गायक अजीत कुमार रंगीला ने 18वीं बार व अम्बोली गांव के संजय जाखड़ ने 16वी बार रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि रक्तदानी नितेश भौरिया ने 43वीं बार रक्तदान करके किया। 50 रक्तदाताओं को सान्ग ऑफ इंडिया के पौधे उपहार स्वरूप दिए गए। रक्त एकत्रित करने के लिए दिल्ली रेडक्रास सोसायटी की टीम मौजूद रही।



रेवाड़ी। सरस्वती विहार की गली में जमा सीवर का गंदा पानी।

# सरस्वती विहार में सीवर ओवरफ्लो, दो साल से परेशानी झेल रहे कॉलोनीवासी

**रेवाड़ी।** एक तरफ प्रशासन शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए मुहिम चला रहा है, वहीं कोनसीवास रोड स्थित सरस्वती विहार कॉलोनी में सीवर ओवरफ्लो का गंदा पानी गलियों में बह रहा है, जिससे कॉलोनीवासियों का जीना दुर्भर हो गया है। जिला प्रशासन सहित सीएम विंडों में शिकायत देने के बाद भी समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो रहा है। कॉलोनी निवासी रामकृष्ण, सतीश, प्रवीन, हरीश, राज कुमार, नरेश, लालसिंह, राजेश, पवन, सुमन, उषा, प्रेम, सूरज, शिव कुमार व स्वर्णा ने बताया कि कॉलोनी की गली नंबर-3 में पिछले दो वर्ष से सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है।

### आंतरिक सुरक्षा के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों पर एक सेमिनार में

# माता-पिता व बड़ों का सम्मान करने से परिवार रहता स्वस्थ व खुशहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक।

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में प्रेरणादायक कार्यक्रम खुशियां बांटने से बढ़ती है खुशियां का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नई दिशा युवा मंच के अध्यक्ष एडवोकेट निशांत यादव, शिक्षाविद प्रो सी एल सोनी व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि सनातन धर्म की व्यवस्था है कि हम श्राद्ध के दिनों में अपने पितरों के निमित्त दान, पुण्य व पूजा-पाठ इत्यादि करें। सभी को श्राद्ध के दिनों में अपने पितरों के कल्याण के लिए खूब दान-पुण्य करना चाहिए, लेकिन उससे भी कई गुना वे भाग्यशाली हैं, जो अपने घरों में अपने माता-पिता, दादा-दादी की जीवित रहते सेवा करते हैं। उन्हें अपने सम्मानपूर्वक व्यवहार से प्रसन्न रखते हैं। उन्होंने कहा कि जो जीते-जी अपने माता-पिता व बड़ों का सम्मान करते हैं,उनके पितर उन्हें प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं, जिससे उनका परिवार स्वस्थ व खुशहाल रहता है। राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के प्रधान दीपेश भार्गव, समाजसेवी राजेंद्र सिंह यादव, शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल व संस्था के सह संयोजक प्रवीण ठाकुर ने कहा कि भगवान राम ने अपने स्वर्गवासी पिता दशरथ का विधिपूर्वक श्राद्ध तर्पण किया तो स्वयं महाराज दशरथ ने प्रकट होकर उन्हें विजयी होने का आशीर्वाद प्रदान किया।

### कार्यक्रम में पुमुख रूप से ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए चिकित्सक डा. नीतू पुन्हानी, डा. अमित अरोड़ा, समाजसेवी राजेंद्र गेरा, उपप्रधान हेमंत ग्रोवर व शिक्षाविद लक्ष्मी नारायण को सम्मानित किया। इस मौके पर हिमांशु पिपलानी, प्रफुल्ल श्याम, सोनिया कपूर, पूर्वांशी, ओजस्वी माहिरा, प्रीति कपूर, के एल कोहली व पुरुषोत्तम नंदवानी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



समुद्र मे गहरा गोता लगाने के लिए मगरमच्छ कभी-कभी भारी पत्थर भी निगल लेता है।



उल्लू अपनी गर्दन घुमाकर पीछे की ओर भी देख सकता है। इसकी नजर मनुष्य से सौ गुना तेज होती है।

# भविष्य कंप्यूटर का, टीचर बनकर चमकाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर हमारे समय की मांग है, चाहे वह समय आज का हो या आने वाला कल दोनों में ही कंप्यूटर की बहुत बड़ी जरूरत है। एक अच्छी कंप्यूटर योग्यता हासिल करने के बाद आप स्कूल या कॉलेज में कंप्यूटर टीचर के पद पर नियुक्ति पा सकते हो। और वह कंप्यूटर टीचर की नौकरी प्राइवेट या सरकारी दोनों ही मिल सकती है। अगर आप भी कंप्यूटर टीचर बनने के बारे में सोच रहे हैं तो पहले आपको यह सोचना होगा कि आपको कंप्यूटर योग्यता के लिए किस टाइप की डिग्री प्राप्त करनी है। यह सब आपको 10वीं करने के तुरंत बाद ही तय करना पड़ेगा ताकि आप सही समय पर सही फैंसला ले सकें।

## बहुत ज्यादा नौकरियां

विभिन सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर कंप्यूटर के कार्यों पर नौकरी निकलती रहती है अगर आपके पास उच्च कंप्यूटर योगयता है तो आप इन पर समय समय पर अप्लाई कर सकते है। उनकी शर्तों को पूरा करते हुए आप इन पदों पर सलेक्ट भी होते हैं। अगर आपके पास कोई कंप्यूटर संबंधित कोर्स किया हुआ है तो आपकी सिलेक्शन के चांस बढ़ जाते हैं। इस लेख में आगे हम आप को कुछ कंप्यूटर कोर्सेज की लिस्ट देंगे और यह भी बताएंगे के कंप्यूटर कोर्स कैसे करें। आज का दौर ऑनलाइन का है और आज कल बहुत से कक्षाओं में ऑनलाइन पढाई होती है और वह ऑनलाइन क्लासेज का पूरा मैनेजमेंट कंप्यूटर टीचर के हाथ में ही होता है। स्कूल में कंप्यूटर टीचर की जरुरत तो हर हालत में होती ही है और उच्च शैक्षिक योगयता हासिल करके आप इन पदों के लिए सक्षम हो सकते हैं। आप कंप्यूटर टीचर से संबंधित कुछ कोर्स करने के बाद कंप्यूटर टीचर के पदों पर अप्लाई कर सकते हैं। कंप्यूटर टीचर कैसे बने इस टर्म को समझने के लिए आप को कंप्यूटर टीचर से जुडी सभी बातों को जानना आवश्यक होता है।

## ये योग्यताएं जरूरी

किसी भी स्कूल या संस्थान में विषय-विशेष की फैकल्टी भर्ती करने के लिए विशेष मानक होते हैं। यदि कोई व्यक्ति कम्प्यूटर टीचर बनना चाहता है तो उसके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं होना जरूरी है। जो इस प्रकार हो सकती हैं।

- स्कूल स्तर में कम्प्यूटर टीचर हेतु क्रमशः बीसीए अथवा पीजीडीसीए डिग्री होनी चाहिए या किसी प्रसिद्ध कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट से कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा हो।
- कॉलेज में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर सबजेक्ट पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए आपके पास एमएससी डिग्री होना जरूरी है।



- सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर जिस भी विषय में आप विशेषज्ञ है, उस विषय का फंडामेंटल नॉलेज होना जरूरी है।
- बतौर कम्प्यूटर टीचर आपके पास प्रोग्रामिंग कौशल है तो सोने पे सुहागा साबित होगा।
- विद्यार्थियों तक अपने विचार, जानकारी पहुंचाने का सहज और आकर्षण गुण आपके पास होना चाहिए।
- अपने विषय पर कमांड और उस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से भी अपडेट होना आवश्यक है।

## इस तरह बन सकते हैं कंप्यूटर टीचर

- कम्प्यूटर विषय से ग्रेजुएशन करने के बाद देश के प्रसिद्ध कॉलेज में पढ़ाने के लिए आपको एग्जाम देने होते हैं। जिसके बाद ही आप कम्प्यूटर टीचर बन पाते हैं। निम्नलिखित क्राइटेरिया को पूरा करके आप कम्प्यूटर टीचर बन सकते हैं।
- अगर, आप किसी कॉलेज में लेक्चरर बनना चाहते हैं तो आपको नेट एग्जाम क्लियर करना पड़ेगा।
- दूसरी ओर किसी स्कूल में कम्प्यूटर टीचिंग करना चाहते हैं तो टीचर इलीजिबिलिटी टेस्ट या फिर कई सारे विद्यालयों द्वारा टीचर्स की भर्ती के लिए बनाए गए मापदंड़ों को पूरा करना पड़ सकता है।
- अगर, आप एक सरकारी कम्प्यूटर टीचर बनना चाहते हैं और किसी गवर्नमेंट कॉलेज में पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए पहले आपको यूजीसी अथवा सीएसआईआर-नेट क्वालीफाइड सर्टिफिकेट की परिक्षा उतीर्ण करनी पड़ती हैं।

### आने वाला भविष्य कंप्यूटर आधारित, इसका नॉलेज आपको रखेगा आगे

अगर, अभी भी आपके मन में शंका है कि आगे आने वाले समय में कम्प्यूटर का भविष्य क्या होगा। तो बता दें पिछले एक दशक से लगातार भारत देश में कम्प्यूटर शिक्षकों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। क्योंकि, कम्प्यूटर की उपयोगिता और वर्तमान समय में इसके लाभ को देखते हुए बचपन से ही छात्रों को कम्प्यूटर सीखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यदि आपको इस फील्ड में अच्छा नॉलेज और अनुभव है तो आप इसमें एक शानदार करियर देख सकते हैं. और कम्प्यूटर टीचर बनने की तैयारी अभी से शुरु कर सकते हैं। हम डिजिटल दुनिया में जी रहे हैं जहां सारी दुनिया एक-दूसरे से कनेक्टेड है। आज गांव के कोने में बैठा एक व्यक्ति की वीडियो देश-विदेशों में देखी जा रही है। अगर, आपके पास भी कम्प्यूटर टीचिंग का ज्ञान है जिससे आप दूसरों की सहायता कर सकें तो पैसे कमाने में ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। यूटयूब जैसे अनेक ऐसे प्लैटफॉर्म है, जहां पर आप अपने टीचिंग का हुनर दिखाकर स्कूल या कॉलेज टीचर की भांति ही अच्छी कमाई कर सकते हैं। आप बतौर कम्प्यूटर टीचर डेटा विश्लेषक का कार्य भी कर सकते हैं। डेटा एनालिटिस्ट वह व्यक्ति होता है जो डेटा को रॉ फॉर्म में प्राप्त कर उसे प्रोसेस कर समझने योग्य सूचना बनाता है।

---

12वीं पास करने के बाद बीए तीन साल की एक स्नातक डिग्री

# बीए के बाद करियर : सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में मिलते हैं बेहतरीन अवसर

डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



अगर आपने सिर्फ बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) किया है तो घबराएं नहीं। बीए करने के बाद भी आप अपने करियर को बेहरीन उड़ान दे सकते हैं। बीए तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, जो छात्रों को ह्यूमनिटीज, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं की गहरी समझ प्रदान करती है। इस कोर्स में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है जैसे हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र और जनसंचार। वहीं बी.ए. ऑनर्स पाठ्यक्रम किसी एक विषय में गहन और विशेषज्ञ अध्ययन प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, छात्र अंग्रेजी साहित्य, हिंदी साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, दर्शनशास्त्र या जनसंचार जैसे विषयों में ऑनर्स करके उस क्षेत्र में गहरी जानकारी और शोध क्षमता प्राप्त करते हैं। इन स्पेशलाइज़ेशन के आधार पर विद्यार्थी आगे चलकर कंटेंट राइटिंग, रिसर्च, शिक्षण, काउंसलिंग, प्रशासनिक सेवाओं, मीडिया, सामाजिक कार्य और कॉर्पोरेट क्षेत्रों में अलग-अलग करियर मार्ग चुन सकते हैं।

**इस कोर्स में कई विषयों का अध्ययन करने में सक्षम होकर बनते हैं काबिल**


### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका : एक आवश्यक पूरक

बीए की शैक्षणिक पृष्ठभूमि छात्रों को विचार करने, अभिव्यक्ति और विश्लेषण क्षमता प्रदान करती है। लेकिन वर्तमान समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है। कंपनियां उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देती हैं जो अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक स्किल्स से भी लैस हों। चाहे पत्रकारिता हो, कंटेंट राइटिंग, प्रशासनिक सेवाएं या कॉर्पोरेट सेक्टर-हर जगह दक्षता की मांग है।

### इंडस्ट्री के लिए आवश्यक कौशल

- प्रभावशाली लेखन और संवाद कौशल
- डिजिटल दक्षताः एमएस ऑफिस, कंटेंट मैनेजमेंट टूल्स
- डेटा रिसर्च और रिपोर्ट लेखन
- सार्वजनिक बोलने और प्रस्तुति कौशल
- आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान क्षमता
- पब्लिक रिलेशन एवं मीडिया हैंडलिंग स्किल्स

### सामाजिक विज्ञान व भाषाओं की देती है गहरी समझ



### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र बीए डिग्रीधारकों के लिए आकर्षक और स्थिर अवसर प्रदान करता है। बैंकिंग, बीमा, रेलवे, डाक विभाग, रक्षा सेवाएं, राज्य लोक सेवा आयोग और संघ लोक सेवा आयोग में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में भर्तियां होती हैं। शुरुआती वेतनमान 30,000 से 45,000 मासिक तक हो सकता है, जबकि अनुभव और उच्च पद पर यह 80,000 से 1,20,000 तक पहुंच जाता है।

**स्पेशलाइज़ेशन आधारित संभावित प्रोफाइल्स**
- इतिहास/राजनीति विज्ञान/समाजशास्त्र
- सिविल सेवाओं में उच्च सफलता दर
- ग्राम विकास अधिकारी
- पंचायत सचिव
- लोकसभा/राज्यसभा रिसर्च फेलो

**अर्थशास्त्र**
- आर बी आई असिस्टेंट
- सांख्यिकी विभाग में सहायक
- इस इस सी में इकोनॉमिक इन्वेस्टिगेटर

**मनोविज्ञान**
- रक्षा सेवाओं में मनोवैज्ञानिक अधिकारी
- सामाजिक न्याय विभाग में काउंसलर
- पुलिस विभाग में रिक्रूटमेंट/ट्रेनिंग काउंसलर

**भूगोल**
- सर्वे ऑफ इंडिया में अधिकारी पद
- पर्यावरण एवं जलवायु विभाग में अनुसंधान सहायक
- आपदा प्रबंधन विभाग में सहायक पद

**जनसंचार**
- सरकारी सूचना सेवा
- प्रसार भारती में रिपोर्टर/प्रोड्यूसर
- राज्य सूचना विभाग में पब्लिक रिलेशन अफसर

**रक्षा सेवाएं**
- लेफ्टिनेंट
- आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
- अकाउंट अफसर
- एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
- लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
- टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**उच्च अध्ययन के विकल्प**
- पाठ्यक्रम विवरण
- एम.ए. (स्पेशलाइज़ेशन अनुसार) उच्च शिक्षा व शोध हेतु आवश्यक
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व भूमिकाओं हेतु
- बी.एड. शिक्षक बनने के लिए अनिवार्य
- एल.एल.बी. वकालत, कॉर्पोरेट लॉ, सिविल सेवाओं में सहायक
- मास कम्युनिकेशन/जर्नलिज़्म मीडिया, एंकरिंग, रिपोर्टिंग व पीआर में करियर
- समाजकार्य में मास्टर्स (एमएसडब्ल्यू) एनजीओ, पब्लिक हेल्थ व सामाजिक सेवा क्षेत्र हेतु
- मनोविज्ञान में पीजी/डिप्लोमा काउंसलिंग व क्लिनिकल मनोविज्ञान क्षेत्र हेतु



### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीए डिग्रीधारकों के लिए निजी क्षेत्र में विविध क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध हैं। मीडिया, शिक्षा, पब्लिक रिलेशन, कंटेंट राइटिंग, मानव संसाधन, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, काउंसलिंग, एडटेक और टूरिज्म जैसे क्षेत्रों में रोजगार की अच्छी संभावनाएं हैं। शुरुआती वेतनमान 15,000 से 25,000 मासिक हो सकता है, वहीं अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह 40,000 से 70,000 तक पहुंच सकता है। निम्न लिखित निजी क्षेत्रों में आप अपना करियर बना सकते हैं।

**मीडिया एवं जनसंचार**
- रिपोर्टर/जर्नलिस्ट
- न्यूज़ एडिटर
- पब्लिक रिलेशन एग्जीक्यूटिव

**कंटेंट एवं डिजिटल सेक्टर**
- कंटेंट राइटर
- कॉपी एडिटर
- सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर
- एसईओ एग्जीक्यूटिव

**शिक्षा एवं प्रशिक्षण**
- टीचिंग असिस्टेंट
- ऑनलाइन ट्यूटर
- एजुकेशन काउंसलर

**कॉरपोरेट एवं मानव संसाधन**
- एचआर असिस्टेंट
- ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर
- एडमिन एग्जीक्यूटिव

**पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र**
- टूर गाइड
- ट्रैवल कंसल्टेंट
- हॉस्पिटैलिटी एग्जीक्यूटिव

**स्पेशलाइज़ेशन आधारित संभावित प्रोफाइल्स**
- अंग्रेजी/हिंदी साहित्य
- कंटेंट राइटर
- कॉपी एडिटर
- ट्रांसलेटर
- प्रकाशन सहायक

**इतिहास/राजनीति विज्ञान/समाजशास्त्र**
- रिसर्च असिस्टेंट
- पब्लिक पॉलिसी एनालिस्ट
- सोशल मीडिया कैम्पेनर
- एनजीओ कोऑर्डिनेटर

**अर्थशास्त्र**
- रिसर्च एनालिस्ट
- डेटा एंट्री एवं एम आई इस एग्जीक्यूटिव
- मार्केट सर्वे एग्जीक्यूटिव
- फाइनेंशियल कंसल्टिंग असिस्टेंट

**मनोविज्ञान**
- काउंसलर (स्कूल/कॉलेज)
- एचआर ट्रेनिंग असिस्टेंट
- बिहेवियरल एनालिस्ट
- करियर काउंसलर

**भूगोल**
- जी आई इस असिस्टेंट
- टूर एवं ट्रैवल कंसल्टेंट
- सर्वे रिसर्चर

**दर्शनशास्त्र**
- एथिक्स ट्रेनर
- शिक्षा व वैचारिक शोध सहायक

**जनसंचार**
- रिपोर्टर/जर्नलिस्ट
- पीआर एग्जीक्यूटिव
- डिजिटल मीडिया कोऑर्डिनेटर

### स्किल्स विकसित करें छात्र

बीए केवल एक स्नातक डिग्री नहीं, बल्कि यह छात्रों को विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता और करियर विकल्पों का विस्तृत मार्ग प्रदान करती है। यदि छात्र अपनी स्पेशलाइजेशन के अनुरूप स्किल्स विकसित करें और प्रतियोगी परीक्षाओं या उच्च अध्ययन के लिए प्रयास करें, तो वे निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट भविष्य बना सकते हैं। अपने करियर का चुनाव करने से पहले किसी भी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

---

# सपनों को हकीकत में बदलें : भारत की चुनौतियों में सकारात्मक बदलाव की राह

मोटिवेशनल



डॉ. दिव्या तंवर

भारत, एक ऐसा देश जो विविधता, संस्कृति और अवसरों का संगम है, लेकिन इसके साथ ही कई चुनौतियाँ भी हैं। बढ़ती जनसंख्या, आर्थिक असमानता, शिक्षा तक सीमित पहुंच, और सामाजिक दबाव जैसे हालात कभी-कभी हमारे सपनों को धूमिल कर सकते हैं। लेकिन, प्रिय छात्रों, ये चुनौतियाँ आपके सपनों को रोकने की ताकत नहीं रखतीं। आपमें वह शक्ति है जो इन कठिनाइयों को अवसरों में बदल सकती है। सपने वो बीज हैं, जो आपके मन में बोए जाते हैं। लेकिन उन्हें पनपने के लिए सही दिशा और मेहनत की जरूरत होती है। सबसे पहले अपने सपनों को स्पष्ट करें। आप क्या बनना चाहते हैं? क्या हासिल करना चाहते हैं? चाहे वह डॉक्टर, इंजीनियर, कलाकार, उद्यमी, या कुछ और बनने का सपना हो, उसे कागज पर लिखें।

### चुनौतियों को हार का बहाना न बनने दें

भारत में कई बार सामाजिक या आर्थिक दबाव हमें अपने सपनों से भटका देते हैं। लेकिन याद रखें, आपका सपना आपकी ताकत है। उदाहरण के लिए, अगर आप एक छोटे शहर या गाँव से हैं, जहां संसाधनों की कमी है, तो यह आपके लिए रुकावट नहीं, बल्कि एक प्रेरणा होनी चाहिए कि आप उन सीमाओं को तोड़ सकते हैं।

**चुनौतियों को अवसरों में बदलें** : भारत में कई छात्र आर्थिक तंगी, संसाधनों की कमी, या परिवार के दबाव का सामना करते हैं। लेकिन इन चुनौतियों को हार का बहाना न बनने दें। हर मुश्किल एक सबक है। उदाहरण के लिए।

**आर्थिक तंगी**: अगर आपके पास कोचिंग या महंगे संसाधनों के लिए पैसे नहीं हैं, तो इंटरनेट का उपयोग करें। आज यूट्यूब, खान एकेडमी, और कई मुफ्त ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं, जो आपको मुफ्त में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दे सकते हैं।

**सामाजिक दबाव**: अगर आपके परिवार या समाज को आपके सपनों पर भरोसा नहीं है, तो धैर्य और संवाद से उन्हें समझाएँ। अपनी मेहनत और छोटी-छोटी उपलब्धियों से उनके विश्वास को जीतें।

**प्रतिस्पर्धा**: भारत में प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा है, लेकिन यह आपको और मजबूत बनाती है। अपनी तुलना दूसरों से न करें; अपने लक्ष्य पर ध्यान दें और हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करें।

**सकारात्मक सोच**: आपकी सबसे बड़ी ताकत सकारात्मक सोच वह जादू है, जो असंभव को संभव बनाती है। भारत जैसे देश में, जहाँ हर दिन नई चुनौतियाँ सामने आती हैं, सकारात्मक दृष्टिकोण आपको आगे बढ़ने की हिम्मत देता है। अपने मन से नकारात्मक विचारों को हटाएँ। अगर आप सोचते हैं कि "मैं यह नहीं कर सकता", तो उसे बदलकर कहें, "मैं कोशिश करूँगा और सीखूँगा।" प्रेरणा लें उन लोगों से, जिन्होंने भारत में कठिन परिस्थितियों में अपने सपनों को हासिल किया। जैसे किः

**डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम**: एक साधारण परिवार से निकलकर भारत के मिसाइल मैन और राष्ट्रपति बने। उनकी कहानी हमें सिखाती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

**धीरूभाई अंबानी**: एक छोटे से गाँव से शुरूआत कर उन्होंने रिलायंस जैसी विशाल कंपनी बनाई। उनकी कहानी हमें बताती है कि सपने देखने की कोई सीमा नहीं होती।

### छोटे कदम, बड़े परिणाम

सपनों को हासिल करने के लिए बड़े-बड़े कदमों की जरूरत नहीं होती। छोटे-छोटे कदम भी आपको मंजिल तक ले जा सकते हैं। अपने लक्ष्य को छोटे-छोटे हिस्सों में बाँटें। उदाहरण के लिए, अगर आप एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो हर दिन कुछ घंटे पढ़ाई के लिए निकालें। एक समय में एक विषय पर ध्यान दें। अपनी प्रगति को ट्रैक करें और हर छोटी उपलब्धि पर खुद को प्रोत्साहित करें।

**शिक्षा और कौशल**: आपके सपनों की नींवः भारत में शिक्षा और कौशल विकास आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। अगर आपके पास संसाधन सीमित हैं, तो सरकारी योजनाओं और स्कॉलरशिप का लाभ उठाएँ। साथ ही, आज के डिजिटल युग में तकनीकी कौशल सीखना बहुत जरूरी है। कोडिंग, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस जैसे कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि आपके सपनों को नई उड़ान भी दे सकते हैं।

**समुदाय और सहयोग**: एक साथ मिलकर आगे बढ़ेंः अकेले चलना मुश्किल हो सकता है। अपने आसपास के दोस्तों, शिक्षकों, या मेंटर्स का सहारा लें। एक-दूसरे के साथ ज्ञान और प्रेरणा साझा करें। भारत में कई गैर-लाभकारी संगठन और समुदाय हैं, जो छात्रों को मुफ्त में मार्गदर्शन और संसाधन प्रदान करते हैं। इनका लाभ उठाएँ और अपने सपनों को और मजबूत करें।

### सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय (बी) द्रविड़
(सी) ऑस्ट्रिक (डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी (बी) संस्कृत
(सी) तमिल (डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए)अपभ्रंश (बी) लौकिक संस्कृत
(सी)पालि-प्राकृत (डी) वैदिक संस्कृत

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी (बी) बांगरू
(सी) अवधी (डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा (बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा (डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

**9.** निम्न में से कौन सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है
(ए) गुजराती
(बी) उड़िया
(सी) मराठी
(डी) सिन्धी

**10.** एक मनई के दुई बेटवे रहिन। ओह माँ लहरा अपने बाप से कहिस - दादा धन मां जवन हमर बखरा लागत होय तवन हमका दै द। यह अवतरण हिंदी किस बोली में है
(ए) भोजपुरी
(बी) कन्नौजी
(सी) अवधी
(डी) खड़ी बोली

**उत्तर** 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(सी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप

### सरकार का विकास कार्यों को प्राथमिकता: आरती राव

**मंडी अटेली।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की



सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। वहीं अटेली नई अनाज मंडी में लगभग 347.90 लाख रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों के पूरा होने से किसानों, व्यापारियों और आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि मंडी में आंतरिक सड़कों एवं सर्विस रोड की विशेष मरम्मत कराई जाएगी, जिससे सफर और यातायात सुगम बनेगा।

### अटेली में रक्तदान शिविर 14 को

**मंडी अटेली।** भगवान परशुराम गौड़ ब्राह्मण सभा की ओर से 14 सितंबर को पुराने बस स्टैंड पर रक्तदान शिविर व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश महासचिव महेश जोशी व स्वामी विट्ठल गिरि महाराज होंगे।

### गैस की अवैध रिफलिंग करने वाला गिरफ्तार



**नारनौल।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने एलपीजी गैस को अवैध तरीके से अवैध सिलेंडरों में भरकर भंडारण करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित अर्जुन वासी सुभाष कॉलोनी भिवाड़ी अलवर को गिरफ्तार किया है। टीमों ने गुप्त सूचना के आधार पर मौके से गैस टैंकर व सिलेंडर बरामद किए हैं। सीआईए टीम को गुप्त सूचना मिली कि नागंल चौधरी कोटपुतली रोड पर स्थित रिलांयस पैट्रोल पम्प के पीछे स्थित पुराने मुर्गी फार्म पर इण्डेन गैस टैंकर में भरी हुई एलपीजी गैस को अवैध तरीके से अवैध सिलैंडरों में भर रहे हैं और काफी अवैध सिलेंडरों का भण्डारण कर रहे हैं।

### अजय यादव ने उत्तीर्ण की जेआरएफ परीक्षा

**नारनौल।** गांव घाटोशर निवासी अजय यादव पुत्र पृथ्वी सिंह ने जून में आयोजित सीएसआईआर नेट जेआरएफ की परीक्षा में 95वीं रैंक हासिल कर अपने क्षेत्र व परिजनों का



नाम रोशन किया है। वर्तमान में अजय यादव गणित विषय से पीएचडी कर रहे है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिजनों व अपने गुरु डॉ. गोपीचंद को दिया है। इस सफलता के पीछे उनका लगातार मार्गदर्शन और विद्यार्थियों का विश्वास रहा है। अजय की इस उपब्लिध पर गांव में खुशी का माहौल है।

## किसान 10 सितंबर तक करें मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण, ई क्षतिपूर्ति पोर्टल को15 तक खोला

**किसान खराब हुई फसल की जानकारी का डाटा पोर्टल पर कर सकते हैं अपलोड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रदेश में किसानों को मंडी में समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना जरूरी किया गया है। इसके बाद ही सरकार की ओर से किसानों की फसलों को समर्थन मूल्य पर टोकन प्रक्रिया अपनाकर खरीदा जाता है। खरीफ फसलों के पंजीकरण के लिए 20 जून से पोर्टल को खोल दिया गया था। जिसके बाद से लगातार पंजीकरण प्रकिया शुरू है। निर्धारित पोर्टल के अनुसार किसान 10 सितम्बर तक अपनी फसल का




नारनौल। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल। फोटो : हरिभूमि

पंजीकरण करवा सकता है। वहीं दूसरी ओर लगातार भरी बारिश की वजह से जिले में फसल खराब होना शुरू हो गई है। इसके लिए सरकार ने किसानों को खराब फसल की जानकारी देने के लिए ई क्षतिपूर्ति पंजीकरण पोर्टल खोल रखा है। जिसके माध्यम से किसान अपनी खराब हुई फसल की जानकारी का डाटा पोर्टल पर 15 सितंबर तक अपलोड कर सकते है। ई क्षतिपूर्ति पंजीकरण पोर्टल पर जानकारी देने के पहले किसान को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य किया गया है। इसके बाद में जिला प्रशासन की ओर से विशेष गिरदावरी की जा सकती है। ई क्षतिपूर्ति पंजीकरण पोर्टल पर बैंक विवरण देना अनिवार्य ई क्षतिपूर्ति पंजीकरण पोर्टल पर डाटा अपलोड करने से पहले पोर्टल पर बैंक विवरण देना अनिवार्य किया गया है। इसके बाद ही पोर्टल पर मेरी फसल मेरा ब्यौरा की डिटेल्स ई क्षतिपूर्ति पोर्टल दिखाई देती है इसके बाद किसान को भरी बारिश या जल भराव की जानकारी तिथि के साथ देनी होता है। पोर्टल पर यह भी पूछा जाता है आपने दोबारा फसल की बिजाई की है या नहीं। यदि आपकी फसल का बीमा है, तो किसान को बीमा की जानकारी भी पोर्टल पर उपलब्ध करवानी होती है। इसके बाद ही विवरण को सेव किया जाता है।

**पोर्टल पर किसानों की स्थिति**

| ब्लॉक | पंजीकृत क्षेत्र | पंजीकृत किसान |
|---|---|---|
| अटेली | 25150 | 6300 |
| कनीना | 44354 | 10512 |
| महेंद्रगढ़ | 52496 | 12314 |
| नांगल चौधरी | 17745 | 4420 |
| नारनौल | 34140 | 9176 |
| सतनाली | 19030 | 2948 |

**मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों की स्थिति**

| ब्लॉक | पंजीकृत क्षेत्र | पंजीकृत किसान |
|---|---|---|
| अटेली | 39637 | 11927 |
| कनीना | 62551 | 16781 |
| महेंद्रगढ़ | 77096 | 20953 |
| नांगल चौधरी | 45618 | 12862 |
| नारनौल | 61241 | 19055 |
| सतनाली | 32252 | 5749 |

## सुरेश कुमार ने एकतरफा जीत दर्ज की, 398 वोटों से हराया

**सुरेश कुमार को 421 व पवन सैनी को मिले 23 वोटमिले**

- पांच पदों के लिए मतदान सुबह नौ से 4 बजे तक चला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सैनी क्षत्रिय सभा के चुनाव रविवार को प्रशासक एवं सह चुनाव अधिकारी की ओर से करवाए गए। जिसमें सभा के पांच पदों के लिए मतदान सुबह नौ से चार बजे तक चला। चुनाव उपरांत करीब दो घंटे की मतगणना के बाद परिणाम जारी किए गए। चुनाव शांतिपूर्व सपन्न करवाने को लेकर प्रशासन की ओर से सिंचाई विभाग के एसडीओ अरुण कुमार ड्यूटी मैजिस्ट्रेट व भारी पुलिस बल भी उपस्थित रहा। चुनाव में एक तरफा जीत हासिल करते हुए सुरेश कुमार प्रधान, महादेव प्रसाद लोडिया उपप्रधान, होशियार सैनी सचिव, दुष्यंत कुमार कोषाध्यक्ष व रामनिवास सैनी सहसचिव चुने गए। कार्यकारिणी के छह सदस्य पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। प्रधान पद पर शुरू में तीन दावेदार



महेंद्रगढ़। विजय हासिल करने के बाद जुलूस निकालते प्रधान सुरेश सैनी।

मैदान में थे, लेकिन नामांकन वापसी के बाद अब दो उम्मीदवार सुरेश कुमार पुत्र वसंतराम व पवन सैनी पुत्र कैलाश सैनी के बीच सीधा मुकाबला था। जिसमें सुरेश कुमार को 421 मत व पवन कुमार को 23 वोट मिले, जबकि 26 वोट रद्द हुए। इस प्रकार सुरेश कुमार 398 वोटों से विजयी रहा। वहीं उपप्रधान पद के लिए भी सीधा मुकाबला विजय कुमार पुत्र श्रीराम व महादेव प्रसाद पुत्र लोडियाराम के बीच रहा। जिसमें विजय कुमार को 20 वोट व महादेव प्रसाद को 426 वोट मिले, जबकि 24 वोट रद्द हुए।

इस प्रकार महादेव प्रसाद 406 वोटों से विजयी रहे। सचिव पद के लिए शुरूआती दौर में चार उम्मीदवारों ने नामांकन भरा था, लेकिन अंतिम सूची में केवल दो नाम होशियार सिंह पुत्र बनवारी लाल व मनीष पुत्र ओमप्रकाश के बीच मुकाबला रहा। जिसमें होशियार सिंह सैनी को 428 वोट मिले तथा मनीष कुमार को 20 वोट मिले, जबकि 22 वोट रद्द हुए। होशियार सिंह 408 वोटों से विजयी रहे। कोषाध्यक्ष पद पर भी शुरू में त्रिकोणीय मुकाबला बनता दिख रहा था, लेकिन बाद में एक नाम वापस लिए जाने के बाद दो उम्मीदवार बचे थे। जिसमें सुनील कुमार पुत्र हरिराम को चुनाव में 27 वोट मिले व दुष्यंत सैनी पुत्र बलकिरत सैनी को 415 वोट मिले तथा 27 वोट रद्द हुए। जिसमें दुष्यंत सैनी 388 वोटों से विजयी रहे। सह सचिव पद पर राहुल सैनी पुत्र रोहताश सैनी व रामनिवास सैनी पुत्र हजारीलाल सैनी के बीच आमने सामने का मुकाबला था। जिसमें राहुल को 21 वोटे मिले व रामनिवास को 412 वोट मिले, जबकि 28 वोट रद्द हुए। राजनिवास सैनी 400 वोटों से विजयी रहे। सभा के छह कार्यकारिणी सदस्य मास्टर दिनेश कुमार, राधेश्याम सैनी, लक्ष्मीनारायण सैनी, संजय सैनी, विनोद कुमार, कृष्ण कुमार पहले ही निर्विरोध चुन लिए गए थे।

## बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए राहत सामग्री से भरे ट्रक रवाना

- दो ट्रकों को विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पंजाब में लगातार हो रही भारी बारिश व बाढ़ के हालात को देखते हुए हरियाणा सरकार ने पड़ोसी राज्य की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर महेंद्रगढ़ जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री से भरे दो ट्रकों को विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने शनिवार को लघु सचिवालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश




नारनौल। राहत सामग्री से भरे ट्रकों को रवाना करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस कठिन समय में पंजाब के साथ खड़े होने का जो फैसला लिया है, वो सराहनीय है।

यादव ने कहा कि यह कदम दर्शाता है कि हरियाणा सरकार केवल अपने प्रदेश तक ही सीमित नहीं है, बल्कि संकट के समय में अपने पड़ोसियों की मदद के लिए भी हमेशा तैयार रहती है। संकट की घड़ी में पड़ोसी के साथ खड़े रहना हमारा फर्ज है।

## गुलाब सैदपुर वाले बने प्रधान

**नारनौल।** स्वामी वैष्णव उत्थान संस्थान के जिला प्रधान कैप्टन सुरेश चंद व उनकी जिला कार्यकारिणी ने खंड अटेली की स्वामी वैष्णव उत्थान संस्थान की कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से करवाया। जिसमें जितेंद्र गुर्जरवास को संरक्षक, गुलाब सैदपुर वाले को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। इसके अलावा दिनेश व वेदप्रकाश को वरिष्ठ उपप्रधान, प्रमोद व लालचंद नीरपुर वाले को उप प्रधान, करण सिंह व सुरेश कुमार तिगरा को महासचिव, अनिल व भोतराम को सचिव, राकेश कुमार व नरेश कुमार गुर्जरवास को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इनके अलावा नरेंद्र, बाबूलाल, रविंद्र व सुरेश को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। इस मौके पर जिला



नारनौल। नवनियुक्त संस्थान के पदाधिकारी।

उप प्रधान रमेश स्वामी सरपंच निवाजनगर, जिला महासचिव प्रदीप कुमार हसनपुर, नांगल चौधरी प्रधान बुधराम पवेरा, महेंद्रगढ़ ब्लॉक प्रधान कुलदीप, नारनौल ब्लॉक सचिव सुनील मास्टर व समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शिविर में 120 ने करवाई नेत्र जांच 19 ऑपरेशन के लिए चयनित

- यादव सभा एवं राहत ग्रुप के तत्वावधान में यादव धर्मशाला प्रांगण में शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यादव सभा एवं राहत ग्रुप के तत्वाधान में यादव धर्मशाला प्रांगण में 183वें नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि निःशुल्क नेत्र जांच शिविर राहत ग्रुप के प्रधान एवं यादव सभा महेंद्रगढ़ के पूर्व प्रधान डॉ. प्रेमराज यादव की अध्यक्षता में लगाया गया। हमेशा की तरह नेत्र जांच शिविर का प्रारंभ हवन के साथ शुरू किया गया। यज्ञ पुरोहित यादव सभा के उप प्रधान एवं आर्य समाज महेंद्रगढ़ के प्रधान पंडित भूपेंद्र आर्य ने हवन संपन्न कराया। तत्पश्चात




महेंद्रगढ़। नेत्र उपचार शिविर में भाग लेते नेत्र रोगी। फोटो : हरिभूमि

डॉ. जितेंद्र यादव व उनकी टीम के डॉ. रामपाल यादव एवं डॉ. आरपी गिरी ने रोगियों की नेत्र जांच की तथा डॉ. प्रकाशवीर आर्य एवं आनन्द यादव ने बीपी व शुगर की जांच की। आज के शिविर में 120 रोगियों के नेत्र जांच की और 19 रोगियों को ऑपरेशन के लिए सुमेर सिंह मेघनवास की देखरेख में राजकीय जालान नेत्र चिकित्सालय भिवानी भेजा गया। यादव सभा के प्रधान एडवोकेट अभय राम यादव, प्रोफेसर बस्तीराम खैरवाल, बाबू जगदीश प्रसाद, हैडमास्टर शिव लाल, बलवंत सिंह बोहरा, राहत ग्रुप के उपाध्यक्ष प्रवक्ता श्रीचन्द, सचिव कप्तान लाल चन्द आदि मौजूद रहे।

## सीबीएसई क्लस्टर में आपीएस ने अंडर 14 और 19 में वालीबॉल में जीते सिल्वर मेडल

- सीबीएसई के ज्वाइंट सेक्रेटरी विजय सिंह यादव ने आरपीएस की दोनों वालीबॉल टीमों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय ने एकबार फिर अपनी खेल प्रतिभा से जिले का मान बढ़ाया है। हाल ही में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-14 और अंडर-19 (आयु वर्ग) की टीमों ने सोनीपत में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दोनों ही वर्गों की टीमों ने प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट तालमेल, संघर्षशीलता और खेल भावना का परिचय दिया। इस उपलब्धि पर



महेंद्रगढ़। विजेता आरपीएस की वालीबॉल टीम। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव और प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, जबकि सीबीएसई के ज्वाइंट सेक्रेट्री विजय सिंह यादव ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि इस उपलब्धि से विद्यालय के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और आने वाले समय में आरपीएस विद्यालय खेलों के क्षेत्र में और भी ऊंचाइयां हासिल करेगा। ग्रुप के सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आज विद्यालय के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की लगन और कोचों के मार्गदर्शन का परिणाम रहा कि दोनों ही वर्गों की टीमें अंतिम दौर तक पहुंचीं और उपविजेता बनने में सफल रही। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि आरपीएस विद्यालय के बच्चे आज हर क्षेत्र में अव्वल है। यह सब विद्यालय प्रबंधन की दूरगामी सोच, मेहनत स्टाफ व विद्यार्थियों की लगन का परिणाम है। दोनों टीमों व कोच जितेंद्र फौगाट, विशाल व जगदीश को सीबीएसई के ज्वाइंट सेक्रेट्री विजय सिंह यादव ने सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**कार्यक्रम** महासर माता की शक्ति, बड़े पर्दे पर फिल्म माता के भक्तों के लिए वरदान

## जय महासर धाम की अटेली क्षेत्र में चल रही है शूटिंग कलाकारों को भी मूवी में रोल करने का मिल रहा है मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

श्री महासर माता प्रोडक्शन के सानिध्य में बन रही फिल्म श्री महासर माता की महिमा पर बनने वाली मूवी की शूटिंग महासर माता मंदिर व आस-पास के गांवों में हो रही है। अटेली क्षेत्र के गांव में स्थित महासर माता मंदिर पर नवरात्रों पर साल में दो बार बड़े मे लगता है। इसके अलावा माता के स्थान पर बड़ी संख्या में प्रतिदिन प्रदेश व देश के विभिन्न हिस्सों से माता के स्थान पर पूजा अर्चना करते है। फिल्म पटकथा, इसके निर्माण का उद्देश्य आदि सवालों के जवाब को लेकर महासर माता मंदिर में बने भगवती



मंडी अटेली। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते फिल्म के निर्माता श्रीधर गुप्ता व डायरेक्टर सन्नी अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

भवन में फिल्म के बारे में निर्माता भामाशाह श्रीधर गुप्ता, निर्देशक सन्नी अग्रवाल, एक्जीक्यूटिव प्रोडयूसर संतोष पंसारी व कलाकर पत्रकारों मुखातिब हुए। फिल्म में लोकल कलाकारों को भी मौका दिया जा रहा है। फिल्म के डायरेक्टर सन्नी अग्रवाल ने बताया कि महासर माता की महिमा, शक्ति व लोगों की आस्था को बड़े पर्दे पर जय महासर धाम फिल्म के माध्यम से दिखाई जा रही है।

इस फिल्म के निर्माता भामाशाह श्रीधर गुप्ता है, जो माता के भक्त है, उन्हीं के प्रयासों से इस मूवी में उन्हें कलाकारों को बनाने का मौका मिल रहा है। फिल्म की शूटिंग अटेली क्षेत्र शूटिंग गांव फतेहपुर गांव की एक प्राचीन हवेली से शुरू हुई है। श्रीधर गुप्ता ने बताया कि फिल्म में बालीवुड के कई प्रसिद्ध कलाकारों में दीपिका चिकलिया (रामायण की सीता के रूप में प्रसिद्ध है), अखलेंदेर मिश्रा, रेखा वशिष्ठ (तारक मेहता उल्टा चश्मा) सन्नी अग्रवाल प्रमुख है। मूवी के एक्जीक्यूटिव प्रोडयूसर संतोष पंसारी ने बताया कि हरियाणा से भी कई कलाकार इस फिल्म का हिस्सा है। जिनमें एमडी रॉकस्टार, अशोक वर्मा, पुष्कर सैनी, सपना लेथर, सुमन सेन है। निर्देशक ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात में फिल्म के लिए हर प्रकार सहयोग के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा खेल और कृषि के अलावा कला व फिल्म निर्माण में भी नई ऊंचाइयों छुएगा।

श्रीधर गुप्ता ने बताया कि उनका फिल्म बनाने का मकसद माता रानी का प्रचार प्रसार भारत व दुनिया में करने का है। भगवती भवन के मैनेजर रूपेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से फिल्म की शूटिंग चल रही है। यह फिल्म जनवरी माह में नारनौल से शुरूआत कर पूरे भारत वर्ष में रिलीज की जाएगी।

## उप जिला शिक्षा अधिकारी कौशिक ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

डॉ. विश्वेश्वर कौशिक ने उप जिला शिक्षा अधिकारी पद पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने डॉ. विश्वेश्वर कौशिक को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। उन्होंने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में डॉ. विश्वेश्वर कौशिक ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। अब उप जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में भी पद ग्रहण करने से विभाग की विभिन्न योजनाओं को गति मिलेगी। सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान ने कहा कि डॉ. विश्वेश्वर कौशिक के व्यवहार, कार्यक्षमता, स्वभाव के सभी कायल है। जिला समंवयक एफएलएन डॉ. विक्रम सिंह



नारनौल। उप जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत करते स्टॉफ सदस्य।

ने बधाई देते हुए कहा कि उप जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में वे नई पारी की शुरूआत कर रहे है। उनका यह कार्यकाल नई उपलब्धियों से भरा होगा। इसमें वे नए आयाम स्थापित करेंगे। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नारनौल पवन भारद्वाज, खंड शिक्षा अधिकारी कनीना दिलबाग सिंह, जिला समंवयक उल्लास करण सिंह, प्राचार्य डॉ. दीपेंद्र चौहान, डॉ. पंकज गौड़ व रमन शास्त्री आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप




### शूटिंग में सिल्वर जीतने निशा का हुआ सम्मान

**रेवाड़ी।** यूरोप महाद्वीप के देश सर्बिया से वर्ल्ड कप में सिल्वर मेडल जीतकर लौटी शूटिंग अकादमी की पैरा निशानेबाज खिलाड़ी निशा कंवर का गांव खालेटा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में सम्मान किया गया। नौजवान भारत सभा और युवा सेवक संघ की ओर से खिलाड़ी निशा एवं कोच विजय कुमार का पूर्ण मुद्गल के नेतृत्व में स्वागत किया गया। गामीणों ने निशा के की माता कंचन कंवर, पिता जितेंद्र सिंह शेखावत, कोच के पिता संतोष कुमार थानेदार व माता मीना देवी का भी पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। निशा का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह 10वां मेडल है। । इस अवसर पर तुलसा देवी, मास्टर शिवकुमार, मास्टर रामभगत, पूर्ण मुदगिल, संतोष कुमार, दलीप कुमार, रतन, अकादमी डायरेक्टर अजय, प्रदीप, तरुण, पार्थ, आशीष आदि रहे।

### कोसली में पॉलीटेक्निक कॉलेज खोलने की मांग

**कोसली।** ग्रामीण क्षेत्रीय एजूकेशन सोसायटी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कोसली में नरवाना की तर्ज पर राजकीय आईटीआई कोसली के परिसर में राजकीय बहुतकनीकी संस्थान खोलने की मांग की है। संस्था के सदस्यों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तकनीकी शिक्षा के विकास पर बहुत जोर दे रहे हैं। तकनीकी शिक्षा के द्वारा ही बेराजगारी की विकराल समस्या का समाधान सम्भव है। कोसली विधानसभा क्षेत्र राज्य का सबसे बड़ा विधान सभा क्षेत्र है व विकास में पिछड़ा हुआ है। रेवाड़ी जिले में दो पॉलीटेक्निक कॉलेज लिसाना व धामलावास में है तथा ये दोनों कॉलेज रेवाड़ी शहर के निकट है। कोसली जैसे दूर-दराज क्षेत्र में कोई भी ऐसा कॉलेज नहीं है। कोसली आईटीआई परिसर में पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। नरवाना में राजकीय बहुतकनीकी संस्थान आईटीआई परिसर में ही बना हुआ है। संस्था ने जनहित, क्षेत्र हित व विकास हित में बहुतकनीकी संस्थान कोसली में भी खोले जाने की मांग की है।

## बादलों के बीच साफ होने लगा मौसम किसानों ने फसल कटाई की तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सितंबर के पहले सप्ताह में बारिश की मार झेल चुके लोगों को अब जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। मानसून कमजोर पड़ने से अब लगातार बादल छाने और बूंदाबांदी तक मौसम सीमित रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। आसमान में कभी बादल छा रहे हैं, तो कभी तेज धूप उमस भरी गर्मी की वापसी कर रही है। इस सप्ताह मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। तापमान में भी उछाल आने की संभावना है, जिससे दिन के समय गर्मी परेशान कर सकती है। रविवार को सुबह के समय आसमान में बादल छाए रहे। कुछ इलाकों में बौछारें गिरीं, लेकिन बारिश कहीं नहीं हुई।

दोपहर तक आसमान साफ होते ही तेज धूप ने तापमान बढ़ा दिया। अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 33.5 डिग्री पर पहुंच गया। रात का तापमान भी 1.9 डिग्री की वृद्धि के साथ 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 80 फीसदी तक रहा, जबकि रफ्तार 15 किलोमीटर प्रति घंटा रही। दोपहर तक तेज धूप के कारण उमस भरी गर्मी ने वापसी की। लोगों को दोपहर तक पसीना छूटता रहा। कूलरों की हवा भी उमस में बेअसर साबित होती रही। दोपहर बाद मौसम ने एक बार फिर यू-टर्न लिया। शहर में चंद मिनट तक तेज बारिश हुई। इसके बाद मौसम का मिजाज ठंडा पड़ गया। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। अब भारी बारिश की संभावना नहीं है। आसमान में आंशिक बादल छाए रहने के साथ-साथ कुछ इलाकों में बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है।

# धूप और बादलों का रहा समावेश, बारिश से राहत मिलने की उम्मीद


रेवाड़ी। एक खेत में बाजरे की फसल के अंकुरित हो रहे दाने तथा एक किसान के खेत में बारिश से खराब हुई कपास की फसल।

**खरीफ में नुकसान के बीच रबी की तैयारी**

जिले में इस बार अनुमान के मुताबिक मानसून सत्र में औसत 700 एमएम तक बारिश हुई है, जो सामान्य से काफी ज्यादा है। बारिश के कारण किसानों की बाजरे और कपास दोनों फसलों को नुकसान हुआ है। अगेती बाजरे की खड़ी फसल के सिरों में दाने अंकुरित हो गए हैं, जिससे फसल उत्पादन में भारी कमी आने की आशंका है। कई किसानों की कपास की फसल भी गलने के बाद सूख गई है। दोनों फसलों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। अब किसानों ने रबी की फसल के रूप में सरसों की बिजाई शुरू कर दी है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार किसान अगेती सरसों की बिजाई सितंबर के दूसरे पखवाड़े में शुरू कर सकते हैं।


रेवाड़ी। रेवाड़ी। सरसों की बिजाई के लिए जमीन की तैयारी करते हुए किसान।

**गेंदा उत्पादक किसानों को राहत की उम्मीद**

फसल विविधिकरण के रूप में किसान गेंदे की फसल भी अपनाने लगे हैं। इस बार बारिश के कारण किसानों की गेंदे की फसल को भी नुकसान हुआ है। फूलों का उत्पादन कम होने से दिल्ली की मंडियों में भाव बढ़कर 250 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए थे। बाद में पौध लगाने वाले किसानों की गेंदे की फसल लगातार बादल छाए रहने से उत्पादन नहीं दे रही थी। अब मौसम साफ होने से गेंदे के फूल भी खिलने शुरू हो जाएंगे, जिससे किसानों को कुछ हद तक राहत मिलेगी। अगर फूलों का उत्पातन बढ़ता है, तो बाजार में इसके दामों में कमी आ सकती है।

### विधायक लक्ष्मण यादव ने आमजन को स्वच्छता के प्रति किया प्रेरित

# स्वच्छ वातावरण की रैंकिंग में अग्रणी बनने की ओर अग्रसर रेवाड़ी शहर, जुटे शहरवासी

**खास बातें**

- म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी मुहिम के तहत जिले के शहरी क्षेत्र में की साफ-सफाई
- स्वच्छता को लेकर जिला प्रशासन डीसी अभिषेक मीणा की देख रेख में बनी योजना


रेवाड़ी। अनाजमंडी रोड पर सफाई करते हुए टीम, सफाई अभियान में शामिल शहरवासी तथा सड़क पर जमा गंदे पानी को निकालते हुए टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी मुहिम के तहत जिले के शहरी क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सकारात्मक प्रयास किए जा रहे है। रेवाड़ी, धारूहेड़ा व बावल क्षेत्र के लोग स्वच्छता को अपने जीवन का आधार मानते हुए एकजुटता से मुहिम में सहयोग दे रहे हैं। जिला प्रशासन डीसी अभिषेक मीणा की देखरेख में योजनाबद्ध तरीके से शहरी क्षेत्र की स्वच्छता को लेकर ठोस कदम उठा रहा है, वहीं विधायक लक्ष्मण सिंह यादव आमजन की सहभागिता के साथ निरंतर शहरी क्षेत्र में स्वच्छता की दिशा में भूमिका निभा रहे हैं।

**स्वच्छता केवल व्यक्ति विशेष तक सीमित नहीं: लक्ष्मण**

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने रविवार की सुबह आमजन के साथ मिलकर शहर के भाड़ावास चौक से महाराणा प्रताप चौक तक स्वच्छता अपनाने का संकल्प दिलाते हुए आमजन के साथ मिलकर सफाई अभियान में योगदान दिया। विधायक ने कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्ति विशेष तक सीमित नहीं है बल्कि यह हमारे घर, परिवार, गली, मोहल्ला सहित पूरे क्षेत्र में हर वर्ग को सुखद अहसास देने का माध्यम है। ऐसे में सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों सहित हर वर्ग इस पुनीत अभियान में आहुति डालते हुए अभियान की सफलता में सहभागी बने इसके लिए जन जागरूकता लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले के शहरी क्षेत्र प्रदेश के सुखद व स्वच्छ वातावरण की रैंकिंग में अग्रणी बनने की ओर अग्रसर है। विधायक ने पूरी टीम के साथ सड़कों से कचरा उठवाया व नालों की भी सफाई कराते हुए लोगों से सफाई कार्य निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। टीम के सदस्यों ने सड़क के दोनों ओर तथा डिवाइडर के आसपास जमी गंदगी को साफ किया। विधायक ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपना नैतिक दायित्व समझते हुए सफाई के प्रति जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

**शहर का हर क्षेत्र किया जा रहा कवर: डीसी**

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि नवंबर माह तक चलने वाले शहरी स्वच्छ अभियान को योजनाबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मार्केट व रिहायशी क्षेत्र सहित शहर के सभी 31 वार्डों को नोडल अधिकारियों की देखरेख में कवर किया जा रहा है। शहर के साथ ही धारूहेड़ा क्षेत्र में एसडीएम सुरेश कुमार व बावल में एसडीएम बावल मनोज कुमार के साथ डीएमसी ब्रह्म प्रकाश की देखरेख में म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी मुहिम को सार्थक किया जा रहा हैं। शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी सुबह व शाम के साथ नियमित रूप से अपने वार्डों में मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वार्ड-21 के नोडल अधिकारी एवं रोडवेज जीएम निरंजन शर्मा अपनी टीम के साथ हर सप्ताह वार्ड का दौरा कर सफाई व्यवस्था का न केवल आकलन कर रहे हैं, बल्कि स्वच्छता सिपाहियों के साथ गंदगी वाले स्थानों को साफ करते हुए लोगों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दे रहे है। जीएम रोडवेज के नेतृत्व में रविवार की सुबह निरीक्षक ओमप्रकाश, ब्रह्मप्रकाश सहायक, स्टेनो अनिल कुमार, निकाय सदस्य प्रसाद राजेंद्र सिंघल व वीरेंद्र सिंह ने अनाज मंडी क्षेत्र में लोगों को जहां वातावरण दूषित न करते हुए सड़क पर कचरा डालने के लिए मना किया, वहीं गंदगी वाले क्षेत्र को भी साफ किया।

## न्यूज डायरी

### लक्ष्य निर्धारण से मिलती सफलता: प्रो. तेज सिंह



**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में अंग्रेजी विभाग की ओर से नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर तेज सिंह थे, अध्यक्षता अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रोमिका बत्रा ने की। विभागाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को विभाग की विभिन्न गतिविधियों व क्रियाकलापों की जानकारी दी। प्रोफेसर तेज सिंह ने कहा कि अवसर हर विद्यार्थी के लिए समान होते है, लेकिन सफलता उन्हीं को मिलती है, जो पूरी शिद्दत से अपनी मेहनत करते है व सकारात्मक दृष्टिकोण रखते है। विद्यार्थी जीवन बहुत अनुशासित होता है। विद्यार्थियों को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करके पूरी लगन व इच्छाशक्ति के आधार पर सही दिशा में अनुशासित प्रयासों से सफलता की ओर कदम बढ़ाने चाहिए।

### राज इंटरनेशनल स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स-डे का आयोजन




**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को कक्षा प्री नर्सरी से आठवी के बच्चों के ग्रैंडपेरेंट्स के लिए ग्रैंडपेरेंट्स-डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दादा-दादी और पोते-पोतियों के बीच के बंधन को मजबूत करना था। कार्यक्रम में गायन, कविता और एक्टिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने सभी दादा-दादी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। स्कूल निदेशक नवीन सैनी ने कहा कि दादा-दादी परिवार की जड़ होते हैं और वे अपने बच्चों और पोते-पोतियों के साथ रहते हुए उन्हें बेहतर इंसान बनाने में मदद करते हैं। बच्चे अगर दादा-दादी के सानिध्य में रहेंगे तो उन्हें नैतिक शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार रूपी आशीर्वाद भी मिल जाएगा।

### जाट धर्मशाला में आयोजित कैंप में 103 की जांच



**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय व्यापार संघ की ओर से बावल रोड स्थित जाट धर्मशाला में हड्डियों से संबंधित रोगों के निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है। कैंप में जन कल्याण हॉस्पिटल चौमूं से डा. एनसी निठारवाल, डा. अनुराग, डा. पवन, डा. पूरण व डा. जितेंद्र ने 103 मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ सहित वार्डवासियों ने कैंप में सहयोग किया। अस्पताल के निदेशक डा. निठारवाल ने कहा कि भविष्य में कैंप में आने वाले सभी लोगों का अस्पताल रियायती दरों पर इलाज किया जाएगा। इस मौके पर ही राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह गुप्ता, रिटायर्ड थानेदार जयसिंह जाट, पूर्व पार्षद रामौतार छावड़ी, राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के प्रदेश महासचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, मीडिया प्रभारी मधु वशिष्ठ आदि रहे।

### भाजपा सोशल मीडिया की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**रेवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई की ओर से रविवार को जिला कार्यालय में सोशल मीडिया पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली थी तथा बैठक की अध्यक्षता सोशल मीडिया प्रमुख सावन सैनी ने की। बैठक में पार्टी की डिजिटल पहुंच और संचार नीति को और सशक्त बनाने पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष वंदना पोपली ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। सोशल मीडिया प्रमुख सावन सैनी ने सभी सोशल मीडिया पदाधिकारियों का आभार जताया। इस मौके पर जिला सह प्रमुख मनजीत सिंह, मनीष कुमार, अधिवक्ता रीना, चंद्र मोहन, रंजन प्रकाश, प्रमुख सुमन लता, उज्जवल गुप्ता, मनवीर महलावत, सौरभ सैनी, नितिन यादव आदि रहे।

### यादव सभा के हेल्थ कैंप में 146 लोगों ने कराई जांच



**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। कैंप में 146 लोगों को ओपीडी सेवाएं तथा फ्री दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में डा. रवि राव ने मेडिसन, डा. अनिल यादव ने हड्डीरोग, डा. गौरव यादव ने सर्जरी, डा. विदुला यादव ने नेत्ररोग, डा. अजीत यादव ने बालरोग व डा. अनिल यादव ने दंत रोग के रोगियों की जांच कर उचित परामर्श दिया। लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव ने भी फ्री फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान की। कैंप के आयोजन में प्रधान रामबीर, जसवंत सिंह, डा. यशपाल, शशि भूषण, अमर सिंह, सुरेंद्र सिंह, गोकल राम, रामसिंह व सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने सहयोग दिया।

### आंगनबाड़ी केंद्र में सुरक्षा को लेकर किया सतर्क



**कोसली।** कोसली गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में महिला एवं बाल विकास विभाग नाहड़ की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव के मार्गदर्शन में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोसली सर्कल सुपरवाइजर संतोष ने महिलाओं को यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा व बाल विवाह के बारे में सतर्क किया। उन्होंने बताया कि यदि किसी महिला के साथ कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न होता है, तो वह पाश एक्ट के तहत शिकायत दर्ज करा सकती है। पाश एक्ट कार्य स्थलों पर एक सम्मानजनक वातावरण बनाने और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। यह महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करता है। इस मौके पर महिला पंच शारदा, पंच सतबीर सिंह, एमपीएचडब्ल्यू प्रमिला, आशा वर्कर रिंकू, आंगनबाड़ी वर्कर प्रमिला, सरोज, नितेंद्र, मिंटो, बबीता आदि मौजूद रहे।

### बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद कर रही सरकार: लक्ष्मण



**रेवाड़ी।** पंजाब राज्य में बाढ़ के कारण उत्पन्न हुई आपदा की स्थिति में हरियाणा सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए दृढ़ संकल्प है। प्रभावित हुए लोगों को राहत सामग्री प्रदान करने के लिए हरियाणा प्रदेश पड़ोसी राज्य के लिए सहयोग स्वरूप एकजुटता के साथ खड़ा है। जिला प्रशासन के साथ विधायक लक्ष्मण सिंह यादव पूरी संजीदगी के साथ जरूरतमंदों की सेवा के लिए तत्पर हैं। पंजाब में आपदा की स्थिति के दौरान जिला प्रशासन की ओर से डीसी अभिषेक मीणा के नेतृत्व में नोडल अधिकारी के रूप में एसडीएम सुरेश कुमार प्रशासनिक स्तर पर सामाजिक दायित्व निभाने के लिए सक्रियता बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि व्यवस्था पूर्ण ढंग से जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचे इसके लिए पानीपत जिला प्रशासन के माध्यम से वे आर्थिक सहयोग सामाजिक संगठनों की सहभागिता के साथ देंगे।

### धानक समाज की कमेटी गठित



**रेवाड़ी।** रविवार को धानक समाज की बैठक मुक्तिवाड़ा धर्मशाला में रामौतार पचेरवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग का संचालन दयाराम मोरवाल ने किया। मीटिंग में समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मीटिंग में महेंद्रसिंह रिटायर्ड प्रिंसिपल, ओमप्रकाश डाबला, सुभाष सोलंकी, भूपसिंह खरेरा, वेद प्रकाश, महावीर निनानिया, सुरेंद्र धानक, सुमेर सिंह, तिलक राज, गजराज निनानिया, विजय डाबला, करतार सिंह, जोगेंद्र कुमार, प्रभाती लाल, टीनू प्रधान व रवि प्रकाश इंदौरा ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने समाज को नशे की बुराई से दूर रखने का प्रयास करने तथा शिक्षा के प्रति समाज के लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया। समाज के बच्चों के लिए कोचिंग की व्यवस्था करने का भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर धानक समाज की जिला कमेटी का गठन भी किया गया, जिसमें वेदप्रकाश बनवाल को प्रधान, महेंद्रसिंह रिटायर्ड प्रिंसिपल, विजय डाबला, दयानंद आर्य, गजराज निनानिया शिवकुमार बोस आदि रहे।

### मेघवाल समाज का संगठन विस्तार

**रेवाड़ी।** रविवार को गांव गढ़ी बोलनी में मेघवाल उत्थान समिति की बैठक का आयोजन किया गया। धारूहेड़ा ब्लॉक के गांव बोलनी में आयोजित बैठक में समाज के लोगों ने मेघवाल शब्द पर सहमति जताई। इस मौके पर मेघवाल उत्थान समिति के जिला प्रधान महेन्द्र झांझरिया व भूपसिंह बलेवा को गुरुग्राम जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के सचिव भूपेन्द्र शेखपुर मेघवाल ने मंच संचालन किया तथा सभा की अध्यक्षता एडवोकेट नवल सिंह बोलनी ने की। इस अवसर पर मेघवाल उत्थान समिति की ओर से हरियाणा में संगठन के विस्तार की घोषणा करके नियुक्तियां की गई जिसमें जगदीश चौपड़ा लालपुर को जिला उप प्रधान, सुबेदार रमेशचंद्र नंगली परसापुर को बावल ब्लॉक प्रधान, भान सिंह खोरी को खोल ब्लॉक प्रधान व भूप सिंह सरपंच भटसाना को धारूहेड़ा ब्लॉक प्रधान नियुक्त किया गया।



### महिलाओं को दिए जाएंगे पुरस्कार

**रेवाड़ी।** हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली



महिलाओं के राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर है। इच्छुक महिलाएं महिला एवं बाल विकास कार्यालय में 26 दिसंबर तक अपने आवेदन जमा करा सकती हैं। यह पुरस्कार 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रदान किए जाएंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए एक लाख 50 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए एक लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के लिए एक लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए 51 हजार व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को विभिन्न आठ श्रेणियां में 21-21 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि पहली श्रेणी में एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू तथा नर्स शामिल है।

### बाबू बालमुकुंद स्मृति समारोह 18 को



**रेवाड़ी।** जिले के गांव गुड़ियानी में जन्मे साहित्यकार एवं मूर्धन्य पत्रकार स्व. बाबू बालमुकुंद गुप्त की 118वीं पुण्यतिथि पर आगामी 18 सितंबर को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में होने वाले स्मृति समारोह में पांच साहित्यकारों को उनके साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इन पुरस्कारों की घोषणा रविवार को बालभवन में आयोजित बाबू बालमुकुंद गुप्त पत्रकारिता एवं साहित्य संरक्षण परिषद् की बैठक में की गई। परिषद् के महासचिव सत्यवीर नाहड़िया ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीयता के अग्रदूत व भारतेंदु युग के सेनापति गुप्त के नाम से पांच साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में हास्य-व्यंग्य कवि एवं गजलकार स्व.अल्हड़ बीकानेरी, कथाकार-आलोचक रत्नकुमार सांभरिया, कथाकार-कवि प्रो. रमेश सिद्धार्थ, उपन्यासकार डा. मधुकांत रोहतक तथा डा. त्रिलोकचंद फतेहपुरी महेंद्रगढ़ को सम्मानित किया जाएगा।

### अनंत चतुर्दशी पर दस दिन तक चले गणेशोत्सव का हुआ समापन

# गणपति बप्पा मोरिया-अगले बरस तू जल्दी आ के लगे जयकारे

**ढोल-नगाड़ों व डीजे की धुन पर शोभायात्रा निकाल किया मंगलमूर्ति का विसर्जन**



रेवाड़ी। कोसली में विसर्जन से पूर्व गणपति की शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु, संघी का बास मौहल्ले से गणपति विसर्जन करते जाते श्रृद्धालु तथा गणपति की शोभायात्रा निकाले सेक्टर-3 युवा मंडल के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अनंत चतुर्दशी के पर्व पर शहर में चल रहे दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन हो गया। श्रद्धालुओं ने ढोल-नंगाड़ों व डीजे की धुन पर गणपति बप्पा मोरिया, मंगलमूर्ति मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ शोभा-यात्रा निकालकर गणपति बप्पा की मूर्ति का विसर्जन किया। शहर में गणेश चतुर्थी से दस दिन तक चले गणेशोत्सव के समापन पर श्रद्धालुओं ने श्री गणेश की प्रतिमाओं का हवन करके विधि-विधान से पूजन कर विसर्जन किया। सेक्टर-3 स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में युवा मंडल व कॉलोनिवासियों की ओर से मनाए गए गणेश-महोत्सव के समापन पर मंदिर परिसर में सुबह हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर बाद ढोल-नंगाडों के साथ रंग-गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालुओं ने शोभा-यात्रा निकालकर कालाका स्थित जेएलएन नहर में गणपति की प्रतिमा का विसर्जन किया।

### कोसली में किया बप्पा का विसर्जन

कोसली स्टेशन पर भगवान गणपति का विसर्जन श्रद्धापूर्वक किया गया। पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव ने शोभायात्रा का शुभारंभ करते हुए कहा कि विघ्नहर्ता गणेश जी को विदाई देते समय सच्चे मन से मांगी गई मुराद अवश्य पूरी होती है। उन्होंने कहा कि भगवान की आराधना करने और कुछ विशेष उपाय करके जीवन की समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज के दिन को अनंत चतुर्दशी के रूप में भी हिंदू रीति रिवाज से मनाया जाता है और इस दिन व्रत करने से हर समस्या और कष्ट दूर हो जाते हैं। इस अवसर पर नवीन गोयल, सुनील गर्ग, निरंजन, सत्यकाम सरपंच, देवेंद्र यादव व भूदेव जांगड़ा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## शहनाई और ढोल ताशों के साथ निकाली गणपति की शोभायात्रा, मंदिर में विराजे मंगलमूर्ति



**रेवाड़ी।** टीपी स्कीम में पिछले दस दिन से चल रहे गणेश उत्सव का मंत्रोच्चार के बीच हवन, भंडारे व ढोल ताशों की धुन पर निकाली गई शोभायात्रा के साथ समापन हो गया। टीपी स्कीम के भक्तों ने बप्पा का विसर्जन करने की बजाय धूमधाम से पुनः मंदिर में स्थापित किया। समिति की ओर से कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। उत्सव के आयोजन में महिलाओं की विशेष भूमिका रही। समिति के मीडिया प्रभारी व कार्यक्रम संचालक गोपाल शर्मा ने बताया कि टीपी स्कीम के पांडाल में सुबह हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण यादव ने बप्पा के दरबार में आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति महान है। टीपी स्कीम निवासियों की बप्पा का विसर्जन न करने की पहल सराहनीय है, जो स्वच्छता का संदेश देती है। समिति के प्रधान विनय मलिक, उपप्रधान प्रवीण सचदेवा, सचिव सुनील माटा व सहसचिव नंदलाल धींगरा ने अतिथियों का अभिनंदन किया। समिति की ओर से समारोह में योगदान के लिए संरक्षक सतीश अग्रवाल, पूर्व प्रधान मुकेश अग्रवाल, अनिल सैनी, शरद गोयल, मनोज अग्रवाल,नीरज मेहंदीरत्ता, प्रेम गेरा, महिला मंडल प्रधान अर्चना शर्मा, सुमन सैनी, प्रिया गोयल, स्नेह अग्रवाल, मधु भुटानी सुरभि गुप्ता, दीपाली शर्मा, पूजा पाठक, ईशा मलिक एवं पंडित संतोष शर्मा को सम्मानित किया गया। शाम को शहनाई की धुन व ढोल ताशों के संगीत के बीच बप्पा की प्रतिमा को रथ में बिठाकर मंदिर के लिए रवाना किया गया।